## सार-समाचार

### कांग्रेस का विरोध-प्रदर्शन

**रतनगढ़** (निसं)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से बिना कानूनी प्रक्रिया अपनाए मनमाने तरीके से ऐतिहासिक नेशनल हेराल्ड की सम्पतियों को जब्त करने तथा यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ चार्जशीट प्रस्तुत करने के विरोध में रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा के नेतृत्व में देहात एवं शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रतनगढ द्वारा शुक्रवार को रतनगढ़ रेलवे स्टेशन के बाहर विरोध-प्रदर्शन किया। इस मौके पर कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए विधायक पूसाराम गोदारा ने कहा कि जिस परिवार ने इस देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया उसी परिवार की सोनिया गांधी व उन्हीं के बेटे राहुल गांधी को परेशान करने का कार्य केन्द्र सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि जो देश के महत्वपूर्ण मुद्दे हैं जिन्हें लेकर सोनिया गांधी और राहुल गांधी लगातार प्रश्न खड़े कर रहे हैं, जनता की आवाज उठा रहे हैं, उन मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए केन्द्र सरकार के ईशारे पर ईडी ने हमारे नेताओं के विरूद्ध चार्जशीट पेश की है। जबकि चार्जशीट पेश करने से पूर्व उक्त व्यक्ति को सूचित किया जाना आवश्यक है, लेकिन गुपचुप में चार्जशीट पेश की गई, यह सोचकर कि गांधी परिवार डर गया तो देश में भाजपा के भ्रष्टाचार को रोकने वाला कोई नहीं होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के तमाम नेता एकजुटता के साथ भाजपा की केन्द्र सरकार की तानाशाही के विरूद्ध संघर्ष करेंगे। पुतला दहन व विरोध-प्रदर्शन के दौरान वरिष्ठ नेता रमेश चंद्र इंदौरिया, अरविंद चाकलान, भानीराम मेघवाल, पूर्व प्रधान गिरधारी लाल बांगड़वा,सुरेंद्र हुड्डा, रमेश कुमावत, कल्याणसिंह, महेंद्र सैनी, मुख्तयार खान, अब्बास गोरी, जगदीश खटीक, हरून खत्री, श्रवण माली, जसकरण गौड, चरण सिंह कोका, इलियास खान, गनी खा, राजेंद्र बबेरवाल, प्रदीप सैनी सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

### आयुर्वेद चिकित्सालय में प्रिंटर भेंट

**रतनगढ़** (निसं)। समाजसेवी संस्था हनुमान प्रसाद सीताराम सेवा समिति ने शुक्रवार को स्थानीय राजकीय मणिराम शर्मा धन्वंतरि आयुर्वेद चिकित्सालय में एक प्रिंटर भेंट किया। समिति के अध्यक्ष सीताराम शर्मा ने अपनी सुपुत्री नीतू दाधीच के जन्मदिन पर प्रिंटर प्रदान किया। सीबीईओ उमेश कुमार जाखड़ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी सीताराम शर्मा, कृष्णा शर्मा, विशिष्ट अतिथि सीए सचिन दाधीच, नीतू दाधीच, माही दाधीच, स्वागताध्यक्ष चिकित्सालय प्रभारी डॉ. मनोज चौहान, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. लक्ष्मी नारायण शर्मा, डॉ. नारायण प्रसाद माटोलिया, डॉ. अभिषेक मंचस्थ अतिथि थे। इस मौके पर मुख्य अतिथि सीताराम शर्मा ने समिति के सेवा कार्यों की जानकारी देते हुए समाज के विकास के लिए सेवा समितियों के गठन पर बल दिया। सीबीईओ उमेश कुमार जाखड़ ने समिति द्वारा शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र ने दिए जा रहे योगदान की सराहना की। प्रभारी डॉ. मनोज चौहान ने अतिथियों का शाब्दिक स्वागत किया तथा दाधीच परिवार की इस आदर्श परंपरा पर प्रसन्नता प्रकट की। डॉ. लक्ष्मीनारायण शर्मा ने आभार व्यक्त किया। चिकित्सालय स्टाफ द्वारा आगंतुक अतिथिगण का सम्मान किया गया। इस अवसर पर अनीता, राजेश कुमार, चेतन वशिष्ठ, उषा देवी, चंचल गौड़ आदि उपस्थित थे। संचालन शिक्षक राकेश गहलोत ने किया।

### भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह 21 को झुंझुनूं आएंगे

**झुंझुनूं**, (निसं)। भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जन्म जयंती पखवाड़े को लेकर भाजपा द्वारा 21 अप्रेल को आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाग लेने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एव राजस्थान प्रदेश के पूर्व प्रभारी अरूण सिह झुंझुनू प्रवास पर आएंगे। जानकारी देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी ने बताया कि 21 अप्रेल को दोपहर तीन बजे सूचना केन्द्र सभागार में आयोजित प्रबुद्धजन संगोष्ठी में राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम संयोजक पवन मेघवाल ने बताया कि संगोष्ठी कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर एक बैठक भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी की अगुवाई में हुई। जिसमें सोशल मीडिया जिला संयोजक चंद्रप्रकाश शुक्ला, पूर्व जिला मंत्री संजय मोरवाल, कपिल सोनी, भीखा भाई सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### घरेलु सीवरेज कनेक्शन के उपयोग व रखरखाव की जानकारी दी

**रतनगढ़** (निसं)। आरयूआईडीपी अधिशाषी अभियन्ता आर. डी. गर्ग के निर्देशन मे वार्ड नं 30 में महिलाओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक मे जन सहभागिता इकाई के प्रवीण सिंह राठौड व कविता स्वामी ने जानकारी देते हुए बताया कि आरयूआईडीपी की ओर से नि.शुल्क घरेलु सीवरेज कनेक्शन का कार्य चल रहा है जिसमे स्नानघर, रसोई, शौचालय व वास्पेसन को जोड़ा जा रहा है। वर्षात के पानी को नहीं जोडा जायेगा। सीवरेज घरेलु कनेक्शन के लाभ व रखरखाव के बारे मे जानकारी देते हुए बताया गया कि कनेक्शन के दौरान घर वाले स्वंय ध्यान देकर गुणवत्ता पुर्वक कार्य करायें। कार्य के बाद नालीयां सुखी व साफ रहेगी जिससे गन्दगी नहीं होगी व मक्खी-मच्छर कम होंगे बीमारियों में कमी आयेगी ओर बताया गया कि स्नानघर, रसोई मे जाली घर वाले स्वंय लगाए। जाली नहीं लगाने से सेम्पू के पाउच अन्य से सीवरेज लाईन अवरुद्ध हो सकती है।

### शिविर में 215 लोग लाभान्वित

**झुंझुनूं**, (निसं)। महावीर इंटरनेशनल सनराइज एवं आशुतोष होम्योपैथिक औषधालय छावनी बाजार के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय केदारमल हलवाई की स्मृति में उनके परिवार द्वारा आयोजित निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर अग्रवाल कटला झुंझुनूं में संपन्न हुआ। शिविर में 215 रोगियों की जांच कर निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाई गई। कार्यक्रम में रमाकांत हलवाई, डॉ. एसएन शुक्ला, अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, जोन चेयरमैन नागरमल जांगिड़, रीजन सेक्रेटरी महेश कुमार मूंड, देवेंद्र कुमार गौड़, प्रदीप कुमार शुक्ला, डॉ. मूलसिंह, प्रमोद कुमार व काफी संख्या में गणमान्य जन व डॉक्टर्स टीम उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री आज लक्ष्मणगढ़ आयेंगे

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कल 19 अप्रैल को लक्ष्मणगढ़ आयेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन पर स्वागत व अन्य आवश्यक तैयारियों को लेकर शुक्रवार को भाजपा की मीटिंग आयोजित हुई। ग्रामीण क्षेत्र की विनायक रिसोर्ट में व शहरी क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की मीटिंग मोहन गार्डन में आयोजित हुई। मीटिंग में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया, रतनगढ के पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि,प्रभारी रामसिंह शेखावत, संयोजक दिनेश जोशी, सहसंयोजक नवरंग चौधरी लालासी, शहर मण्डल अध्यक्ष ललित पंवार, नेता प्रतिपक्ष एडवोकेट ललित पुरोहित सहित पार्टी के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद थे।

### परिंडे लगाओ अभियान शुरू

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। बीदासर ग्राम पंचायत में पक्षियों के लिए परिंडे लगाओ अभियान शुरू किया गया है। अभियान की शुरुआत ग्राम पंचायत के गांव पूनिया का बास से की गई। इस दौरान अजय बेनीवाल ने पक्षियों के लिए 21 परिंडे लगाए गए । इस अवसर पर शीशपाल भूकर, फूलचंद पूनिया, मामचंद पूनिया ,नवरंग लाल भूकर, शीशपाल गढ़वाल, कमलेश पूनिया, ओमप्रकाश पूनिया, नरेश पुनिया, रंजीत भूकर आदि लोग उपस्थित थे। अजय बेनीवाल ने बताया कि ग्राम पंचायत बीदसर में विभिन्न स्थानों पर 101 परिंडे लगाए जाएंगे तथा इनकी पूरी देखरेख भी की जाएगी।

### सीएम दौरे की तैयारियों का जायजा लिया

**झुंझुनूं**, (निसं)। आगामी 20 अप्रेल को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दौरे को लेकर झुंझुनूं पुरा की ढाणी टोल प्लाजा के समीप होने वाले झुंझुनूं विधानसभा के स्वागत व सभा कार्यक्रम की पूर्व तैयारियों के मद्देनजर विधायक राजेंद्र भांबू एवं कार्यक्रम प्रभारी भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया के नेतृत्व में स्थान का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान उपखंड अधिकारी हवाईसिंह यादव, सरपंच राकेश मोटसरा, कृष्ण कुमार गावड़िया, मुकेश पातूसरी सहित भाजपा कार्यकर्ता एव प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

### पशु चिकित्सालय में होगा सीएम का स्वागत

**झुंझुनूं**, (निसं)। 20 अप्रेल को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आगमन को लेकर झुंझुनूं में गुढ़ा मोड़ पर पशु चिकित्सालय में उदयपुरवाटी विधानसभा के स्वागत कार्यक्रम को लेकर तैयारी को लेकर भाजपा पदाधिकारी और प्रशासन ने मौके का जायजा लिया।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज सीकर जिले के दौरे पर आएंगे



भाजपा नेताओं ने जिले भर में आयोजित स्वागत स्थलों का दौरा किया।

**सीकर**, (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 19 अप्रेल शनिवार को सीकर आएंगे। मुख्यमंत्री का जिले की सीमा से भाजपा कार्यकर्ता स्वागत करना प्रांरभ करेंगे जो रात्रि विश्राम स्थल फतेहपुर तक निरंतर जारी रहेगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के स्वागत के लिए भाजपा पदाधिकारियों ने सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली है। जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ सहित जिले के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री के स्वागत स्थलों का दौरा किया और प्रशासन के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी भाजपा पदाधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री के स्वागत की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक सुविधाओं के लिए सख्त निर्देश दिए।

यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रेमसिंह बाजौर, जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़, पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया, धोद विधायक गोरधन वर्मा, खंडेला विधायक सुभाष मील, किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवां, जिले के प्रभारी दिनेश धाबाई, पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी, श्रवण चौधरी, गजानंद कुमावत आदि ने भी विभिन्न स्वागत स्थलों का दौरा किया। सभी वरिष्ठ जनप्रतिनिधि व पदाधिकारियों ने प्रशासन के अधिकारियों के साथ सभा स्थलों, स्वागत स्थलों पर सभी आवश्यक व्यवस्था बनाने के लिए कहा।

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का यहां-यहां होगा स्वागतः-** जिला मीडिया संयोजक जितेंद्र माथुर ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का जिले में विभिन्न स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुबह 11 बजे जिले की सीमा सरगोठ पहुंचेंगे। यहां पर श्रीमाधोपुर विधानसभा के कार्यकर्ता यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा के नेतृत्व में स्वागत करेंगे। सुबह 11.45 बजे रींगस में खंडेला विधायक सुभाष मील के नेतृत्व में खंडेला विधानसभा के कार्यकर्ता, दोपहर 12.50 बजे पलसाना में दांतारामगढ़ विधानसभा के कार्यकर्ता गजानंद कुमावत के नेतृत्व में, दोपहर 1.30 बजे बाजौर में सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रेमसिंह बाजौर के नेतृत्व में नीमकाथाना विधानसभा के कार्यकर्ता स्वागत करेंगे।

मुख्यमंत्री शर्मा का दोपहर 2 बजे गोकुलपुरा पहुंचने पर सीकर विधानसभा के कार्यकर्ता पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी के नेतृत्व में स्वागत करेंगे। वे यहां से दोपहर 2.20 बजे सर्किट हाउस पहुंचेंगे। वे पहले यूआईटी ऑफिस में जनसुनवाई करेंगे और सर्किट हाउस में सरकारी अधिकारियों जनकल्याणी योजनाओं के बारे में बैठक लेंगे। मुख्यमंत्री का सर्किट हाउस से रवाना होने के बाद शहर के विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ता स्वागत करेंगे। मुख्यमंत्री शर्मा सांवली सर्किल होते हुए अपरान्ह 3.45 बजे धोद चौराहा पहुंचेंगे। यहां पर धोद विधायक गोरधन वर्मा के नेतृत्व में धोद विधानसभा के कार्यकर्ता स्वागत करेंगे। यहां से मुख्यमंत्री के सायं 4.30 बजे विनायक होटल लक्ष्मणगढ़ पहुंचने पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया के नेतृत्व में कार्यकर्ता स्वागत करेंगे। मुख्यमंत्री यहां से रवाना होकर सायं 5.30 बजे फतेहपुर पहुंचेंगे। यहां पर श्रवण चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ता स्वागत करेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का रात्रि विश्राम फतेहपुर में रहेगा। वे यहां से रविवार को सुबह 9.30 बजे मंडावा के लिए प्रस्थान करेंगे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का सीकर शहर में भी कई स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अपरान्ह 3.45 बजे सर्किट हाउस से रवाना होने के बाद शहीद स्मारक, रीको तिराहा, कृषि उपज मंडी के सामने, डिपो तिराहा, अंबेडकर सर्किल, नगर परिषद के सामने, बायोस्कोप के पास, राणी सती, गुर्जर छात्रावास, सांवली सर्किल चौराहा सहित कई स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया जाएगा।

## प्रधानमंत्री का पूतला फूंका

**सादुलपुर**, (निसं)। पूर्व विधायक पदमश्री डॉ. कृष्णा पूनिया के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बीजेपी की केंद्र सरकार द्वारा कॉग्रेसी नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ झूठे मुकदमे ओर ईडी का दुरुपयोग करके झूठे मुकदमे बनाए जाने के विरोध में शुक्रवार को पूर्व विधायक कृष्णा पूनिया के निवास स्थान से हजारों कार्यकर्ता जुलूस के रूप में रेलवे स्टेशन होते हुए मिनी उपखण्ड कार्यालय राजगढ पहुंच कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला फूंका और मोदी सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

दोपहर 12 बजे पूर्व विधायक पदमश्री डॉ कृष्णा पूनिया ने कहा कि जनता का ध्यान बेरोजगारी ओर बढती महंगाई से हटाने के लिए भाजपा सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग करके कांग्रेसी नेताओं पर झूठे मुकदमे करने का काम करती है, कांग्रेस पार्टी जनता के हकों की लडाई के लिए रोड से लेकर संसद तक लडती रहेगी। पूनिया ने कहा भाजपा सरकार लोकतंत्र को कुचलने का प्रयास कर रही है।

# राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की जिला बैठक संपन्न

**झुंझुनूं**, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला झुंझुनूं की जिला बैठक स्थानीय केशव आदर्श विद्या मंदिर के सभागार में जिलाध्यक्ष राजेश जांगिड़ की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में प्रदेश सभाध्यक्ष संपत्तिसंह पर्यवेक्षक के तौर पर उपस्थित रहे। जिला मंत्री राजेश हलवान ने बताया कि बैठक में सत्र 2025-26 की सदस्यता करने तथा गत दिनों आयोजित समरसता दिवस एवं नव संवत्सर के कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। जिलाध्यक्ष राजेश जांगिड़ ने अपने उद्बोधन में उपस्थित समस्त उप शाखाओं के अध्यक्ष मंत्री व कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वर्तमान में राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की संपूर्ण प्रदेश में सदस्यता सवा दो लाख है। संगठन के प्रदेश नेतृत्व ने इस वर्ष सदस्यता तीन लाख से अधिक करने का लक्ष्य लिया है। अपने जिले को भी इसमें बढ चढकर भाग लेते हुए प्रत्येक विद्यालय में सदस्यता के लिए आग्रह करना है तथा उनकी सदस्यता करनी है। इसके लिए 27 अप्रेल को प्रत्येक उप शाखा की बैठक आयोजित की जानी है तथा बैठक में संकुलवार सदस्यता पंजिकाएं वितरित की जानी है। सदस्यता एक मई से 14 मई तक आवश्यक रूप से कर लेनी है।

प्रदेश सभाध्यक्ष संपत्तिसंह ने संगठन के विभिन्न क्रियाकलापों पर प्रकाश डाला तथा शिक्षक, शिक्षा एवं शिक्षार्थी हित में कार्य करने का आ ान किया। इस दौरान शिक्षक समस्याओं पर चर्चा करते हुए जिला मंत्री राजेश हलवान ने 2007-08 में नियुक्त शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करवाने के लिए के लिए सभाध्यक्ष से आग्रह किया तथा इस मांग को राज्य सरकार की समक्ष पुरजोर तरीके से रखने के लिए आग्रह किया। अलसीसर उप शाखा अध्यक्ष मंत्री द्वारा द्वारा वेतन विसंगति के संदर्भ में हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ भी आज किया गया। जिस पर जिले के विभिन्न उप शाखाओं के शिक्षक हस्ताक्षर करके 20 अप्रेल को झुंझुनूं जिले में पधार रहे मुख्यमंत्री को हस्ताक्षर युक्त बैनर भेंट किया जाएगा। वेतन विसंगति पर संपत्तिसंह ने बताया कि राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) का प्रदेश नेतृत्व है। इस विषय में गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए विभिन्न मंचों से अनेक बार इस विषय को उठ चुका है।

आने वाले समय में मुख्यमंत्री से इस संदर्भ में समय लेकर के समस्या के निराकरण के लिए प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर संभाग महिला संगठन मंत्री संगीता रानी, महिला मंत्री आयशा, सभाध्यक्ष प्रदीप मोदी, उपसभा अध्यक्ष सुनिल कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ललित कुमार, उपाध्यक्ष कपिल कुलहरि, विभिन्न उप शाखाओं से अध्यक्ष, मंत्री, कोषाध्यक्ष तथा महिला मंत्री सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शहीद नोपाराम राजकीय उमा विद्यालय में भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। शहीद नोपाराम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भूमाबडा में गुरुवार को भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजित हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईडीबीआई बैंक के महाप्रबंधक रवि वीजन थे। इस अवसर पर विद्यालय को आईडीबीआई बैंक ने विद्यालय को दो कंप्यूटर, एक प्रिंटर, सेंट्रल टेबल, 25 कुर्सियाँ, न्यूज़पेपर रैक, पुस्तकालय हेतु तीन बड़ी अलमारियाँ सहित दो लाख रुपये से अधिक मूल्य की सामग्री प्रदान की। अपने संबोधन में रवि वीजन ने विद्यार्थियों को डिजिटल साक्षरता के महत्व को समझाते हुए कहा कि आज का युग डिजिटल लिटरेसी का है। सभी विद्यार्थियों को डिजिटल लाइब्रेरी का अधिक से अधिक उपयोग करना चाहिए और विद्यालय को दी गई सामग्री का सदुपयोग करते हुए आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनना चाहिए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं स्वागत गीत से हुई। विद्यालय के प्राचार्य सोहनलाल भास्कर ने मुख्य अतिथि एवं अन्य आगंतुकों का स्वागत किया।

इस अवसर पर रवि वीजन एवं एजीएम प्रिया ढाका का माल्यार्पण, शॉल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। समारोह में विशिष्ट अतिथियों के रूप में सुबेदार फूलसिंह, केशु देवी, महेश कुमार आदि थे। कार्यक्रम में प्रदीप सिंह शेखावत, रामचंद्र शर्मा, रणधीर सिंह ताखर, मंनफूल सिंह बगड़िया, राजेंद्र कुमार, अशोक ढाका, विद्या कुमारी, बबिता कुमारी, किरण कुमारी, इंदु बाला, अमित शर्मा, प्रशांत जोशी, राजपाल महला, अर्जुनलाल, रमेश कुमार प्रजापत, महेश रॉयल, पूनम शर्मा, सरिता ढूकिया, मदनलाल नायक सहित ग्रामीण जन एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में जाज़ोद राजकीय बालिका सीनियर विद्यालय के प्राचार्य रामचंद्र खींचड ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता रजनी शर्मा ने किया।

## डॉ. कृष्णा पूनियां का अभिनन्दन किया

**सादुलपुर**, (निसं)। सादुलपुर में नव स्वीकृत डीएपी व यूरिया के रैक प्वाइंट पर यूरिया की पहली खैप स्थानीय रेलवे स्टेशन पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और किसानों ने सांसद राहुल कस्वां एवं पूर्व विधायक पदमश्री डॉ कृष्णा पूनियां का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। किसानों ने कस्वां का मिठाई खिलाकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया। सांसद कस्वां ने कहा कि डीएपी व यूरिया का रैक प्वाइंट सादुलपुर में शुरू होने से चूरू संसदीय क्षेत्र के साथ-साथ हमारे पडोस के क्षेत्र को भी काफी लाभ मिलेगा। चूरू संसदीय क्षेत्र को यूरिया व डीएपी की सप्लाई लालगढ और सुरतगढ स्थित रैक प्वाइंट से होती थी, लेकिन फसली सीजन के दौरान चूरू संसदीय क्षेत्र को मांग के हिसाब से आपूर्ति नहीं मिल पाती थी।

# अवैध अतिक्रमण पर प्रशासन की कार्रवाई

**खेतड़ी**, (निसं)। खेतड़ी उपखंड के राजोता ग्राम पंचायत के राजस्व गांव चिरानी की बगड़ियों की ढाणी में गैर मुमकिन नदी में प्रशासन ने अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान प्रशासन की टीम ने अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई करते हुए छह बीघा भूमि पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को अंजाम दिया।

इस दौरान गिरदावर राकेश कुमार ने बताया कि बगडियों की ढाणी में दो व्यक्तियों ने गैर मुमकिन नदी में तारबंदी कर अतिक्रमण कर रखा था। इस अतिक्रमण के कारण श्मशान भूमि में जाने वाला रास्ता सकडा हो गया था, जिससे लोगों को परेशानी हो रही थी।

■ गैर मुमकिन नदी से 6 बीघा में अतिक्रमण हटाया



खेतड़ी उपखंड के राजोता ग्राम पंचायत के राजस्व गांव चिरानी की बगड़ियों की ढाणी में गैर मुमकिन नदी में प्रशासन ने अतिक्रमण हटाया गया।

इस संबंध में ग्रामीणों की ओर से तहसील कार्यालय में शिकायत की गई थी। शिकायत मिलने पर तहसीलदार ने मामले की तस्दीक करवाई तो नदी की भूमि पर तारबंदी कर अवैध रूप से अतिक्रमण होना पाया गया।

जिसके बाद तहसीलदार के आदेश जारी कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। गिरदावर राकेश कुमार ने बताया कि अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी दी गई है कि भविष्य में अतिक्रमण न करें, यदि दोबारा नदी की भूमि पर अतिक्रमण पाया गया तो उसके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर नानूवाली बावडी पटवारी भगवानाराम, राजोता पटवारी रोहताश कुमार, गोठड़ा पटवारी वीरेंद्र सिंह ने जेसीबी की सहायता से करीब 6 बीघा में अतिक्रमण हटाकर खाली करवाया गया।

## सार-समाचार

### काटली नदी को बचाने की मांग

**गुढ़ागौड़जी**, (निसं)। शेखावाटी की जीवन रेखा काटली नदी को पुनर्जीवित करवाने एवं राजस्थान की सभी नदियों व जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए "राजस्थान नदी व जल संरक्षण आयोग" गठित करवाने की मांग का ज्ञापन दिया गया। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री डॉ. अरुण चतुर्वेदी तथा पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ को काटली नदी बचाओ जन अभियान के माध्यम से सरस्वती रूरल एंड अरबन डवलपमेंट सोसायटी झुंझुनूं द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर काटली नदी को पुनर्जीवित करने व राज्य की नदियों व जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए स्वतंत्र आयोग गठन की मांग की गई। काटली नदी बचाओ जन अभियान संयोजक एवं सरस्वती रूरल एंड अरबन डवलपमेंट सोसाइटी झुंझुनूं के मंत्री सुभाष कश्यप के साथ जयपुर में ज्ञापन देने वालों में एडवोकेट नेमीचंद जैमन भरतपुर, शंखनाद फाउंडेशन अध्यक्ष वेदप्रकाश पटेल डीग, भारतीय जनता पार्टी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रदेश सह संयोजक शालिनी शर्मा, नीरज वशिष्ठ उच्चैन, सरदारशहर चूरू से एडवोकेट युधिष्ठिर सारण, भाजपा महिला मोर्चा बन्नी पार्क मंडल अध्यक्ष कविता शर्मा, डॉ. शायरसिंह शेखावत बामलास, लक्ष्मीनारायण सैनी सुरपुरा, प्रदीप सिंह मावता आदि ने डॉ. अरुण चतुर्वेदी व राजेंद्र राठौड़ को मुख्यमंत्री के नाम सयुंक्त ज्ञापन देकर काटली नदी को पुनर्जीवित कर इसके संरक्षण की मांग की।

### ब्लॉक कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ ईडी द्वारा चार्जशीट पेश करने पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार शुक्रवार को लक्ष्मणगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष राकेश सिहाग ने बताया कि इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता पवन बुटोलिया, कुरड़ा राम धाभाई, शुभकरण बिंवाल, गोपीराम जांगिड़, पीसीसी सचिव सज्जन हाफास, सत्यनारायण सैनी, बीदासर कांग्रेस मंडल अध्यक्ष बीड़दीचंद जांगिड़, शहर पश्चिम कांग्रेस मंडल अध्यक्ष चाँद खां, खुड़ी मण्डल अध्यक्ष सुरेंद्र मील, पूर्व नगर पालिका वाइस चेयरमैन शाकिर सोलंकी, यूथ कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष आकाश कुमावत, जिला महामंत्री जाफर खां ,सरपंच मुकेश मानासी, मुकेश वर्मा घस्सू, झाबर मांडिया दिशनाऊ, संजय भाष्कर राजास, पार्षद याकूब, पप्पू पार्षद, असलम काजी,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सायर सिंह शेखावत रोरु, ताराचंद मेघवाल बलारां, नेमीचंद मील मिर्जवास, विकास रोरु, विजेंद्र सेवदा अलखपुरा, हरफूल गोदारा बादुसर, जोगेन्द्र डोटासरा रिणु, विद्याधर भूरिया कन्टेवा, राजकुमार राड़ एडवोकेट, अब्दुल करीम, ओमप्रकाश गढ़वाल भैरों पुरा आदि उपस्थित थे

### अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

**सादुलपुर**, (निसं)। उपकारा गृह राजगढ में ड्यूटी के दौरान एक कांस्टेबल को अज्ञात व्यक्ति द्वारा फेंकी गई निषिद्ध सामग्री बरामद की है। शुक्रवार सुबह 8 बजे मिली जानकारी के अनुसार थाना अधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि कमलेश कुमार मेघवाल उम्र 36 साल निवासी अजाडी खुर्द पुलिस थाना सदर झुंझुनू हाल प्रहरी उप कारागृह राजगढ ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि 17 अप्रैल को बाहर मेनवाल पर दिलीप कुमार कांस्टेबल ड्यूटी पर थे, तथा अंदर ड्यूटी पर कॉस्टेबल अनिल कुमार तैनात थे। प्रातः काल जेल खोलने के समय 6 बजे लगभग अंदर ड्यूटी कर रहे अनिल कुमार प्रहरी जो कि अंदर मेनवाल के पास गश्त कर रहा था। गश्त में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फेंकी गई एक काली थैली में बंद पैकेट मिला जिस पर सफेद टेप लगी हुई थी। लावारिस अवस्था में अंदर मेन वाल के पास बरामद हुई। जिसकी सूचना उच्च अधिकारियों को देखकर आदेश अनुसार जांच के लिए मामला दर्ज करवाया है। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक थैली में बीडी सिगरेट माचिस लाइटर आदि थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कर्मचारी महासंघ की बैठक संपन्न

**झुंझुनूं**, (निसं)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत की बैठक जिलाध्यक्ष उम्मेदसिंह डूडी की अध्यक्षता में पीडब्लूडी गेस्ट हाउस झुंझुनूं में संपन्न हुई। जिसमें महासंघ द्वारा 21 अप्रेल को अपनी 17 सूत्री मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट के सामने धरना प्रदर्शन का निर्णय लिया गया। महासंघ से संबंधित सभी कर्मचारी यूनियनों के पदाधिकारी व कर्मचारी इस धरना प्रदर्शन में भाग लेंगे और पुरजोर तरीके से सरकार तक अपनी मांगों को पहुंचने के लिए जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया जाएगा। इसमें अधिक से अधिक कर्मचारी यूनियन्स के शामिल होने का आव्हान किया गया। मीटिंग में गौरव सैनानी संघ से राजपाल फोगाट, नर्सेज यूनियन से सुनिल कुमार शर्मा, पीब्लूडी से शंकरलाल, राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम से उम्मेद सिंह डूडी, जिलाध्यक्ष अशोक कुलहरि, नरेंद्र झाझडिया, सुबेंद्र बिजारणिया, प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षक संघ से सुशील कुमार, नर्सेज एसोसिएशन से संजीव झाझड़िया, रघुवीर सिंह कानसूजिया अध्यक्ष पीडब्लूडी यूनियन, मंगलचंद आदि कर्मचारी व पदाधिकारी शामिल हुए।

# स्कूलों के समय में दो घंटे की कटौती की

**झुंझुनूं**, (निसं)। भीषण गर्मी को देखते हुए जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने स्कूलों के समय में दो घंटे की कटौती की है। यह कटौती प्ले ग्रुप से लेकर कक्षा आठ तक के विद्यार्थियों के लिए की गई है। डीईओ एलीमेंट्री मनोज कुमार ढाका ने बताया कि जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने 19 अप्रेल 2025 से सत्रांत, यानि कि 16 मई 2025 तक प्ले ग्रुप से लेकर कक्षा आठ तक के विद्यार्थियों का समय सुबह 7.30 बजे से 11 बजे तक का कर दिया है। अब तक यह समय सुबह 7.30 बजे से लेकर दोपहर एक बजे तक का था। लेकिन अब बच्चों की छुट्टी दो घंटे पहले हो जाएगी।

डीईओ ढाका ने बताया कि 16 मई 2025 से गर्मियों की छुट्टियां है। इसके बाद गर्मी के हिसाब से समय को लेकर निर्णय किया जाएगा। कलेक्टर ने अपने आदेशों में यह भी कहा है कि जिन विद्यालयों में मिड डे मील संचालित है। उन विद्यालयों द्वारा मिड डे मील भोजन एवं दूध पिलाने की व्यवस्था सुबह 10.30 बजे से पूर्व की जाए। वहीं विद्यालय के शैक्षिणक एवं गैर शैक्षिणक कार्मिक अपने निर्धारित पूर्ववत विभागीय समयानुसार विद्यालय में अपनी उपस्थिति देना सुनिश्चित करेंगे। यह आदेश सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों पर लागू होंगे। आदेशों की अवहेलना करने पर नियमानुसार कार्रवाई की बात भी आदेशों में कही गई है।

**आम-सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण कमेठी, जयपुर (राज.) के पत्र संख्या F1(4)/ SEIAA/ SEAC-Raj/ Sectt/ Project/ Cat.B2(22482)/ 2022-23 jaipur दिनांक 10.05.2023 के द्वारा मैसर्स रोहिताश, रेफरेन्स नम्बर 2020100016829 (एम एल नम्बर 01/2020) क्षेत्रफल 1.3589 हैक्टेयर वास्ते खनिज चेजा पत्थर निकट ग्राम बामरड़ा तहसील खण्डेला जिला सीकर के लिए पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल कार्यालय में जनसाधारण के देखने के लिए उपलब्ध एवं राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल की वेबसाईट www.environment.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

**राजस्थान सरकार**
**कार्यालय सहायक खनि अभियन्ता,**
**खान एवं भू-विज्ञान विभाग, चूरू**

क्रमांकः सखअ/चूरू/अप्र/2025/10-12 दिनांक :- 17-4-2025

**-: विज्ञिप्त :-**

इस कार्यालय के क्षेत्राधिकार में निकट ग्राम-डूंगरास आथूणा, तहसील-बीदासर, जिला-चूरू में स्वीकृत खनन पट्टा एमएल 37/2013 में मूल पट्टाधारी श्री शमशेर सिंह पुत्र श्री भंवर सिंह तथा एमएल 42/2011 भागीदारी फर्म मैसर्स जगदम्बा स्टोन के एक भागीदार श्री शमशेर सिंह पुत्र श्री भंवर सिंह का स्वर्गवास दिनांक 24.06.2023 को हो जाने के कारण उनके वारिसान द्वारा नियमानुसार खनन पट्टा में नामान्तरण दर्ज कराना चाहा गया है।

| | श्री शमशेर सिंह के वारिसान | | खनन पट्टा संख्या | जिनके नाम नामान्तरण आवेदित है |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती जनता कंवर | पत्नी | एम.एल. | 1. श्रीमती जनता कंवर |
| 2 | श्री राजदीप सिंह | पुत्र | 37/2013 | 2. श्री राजदीप सिंह |
| 3 | श्रीमती धनपूर्णा कंवर | पुत्री | एमएल 42/2011 | श्री राजदीप सिंह (फर्म में भागीदार के रूप में) |
| 4 | श्रीमती अन्नपूर्णा कंवर | पुत्री | | |

अतः इस विज्ञिप्त के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त खान के नामान्तरण (म्यूटेशन) दर्ज होने के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो विज्ञिप्त जारी होने की तिथि से 15 दिवस में इस कार्यालय में पेश करें, अन्यथा नामान्तरण (म्यूटेशन) की अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

**सहायक खनि अभियन्ता, चूरू (राज.)**